दिनांक-5जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सफाई वाहनों में स्वच्छता से संबंधित प्रश्नोत्तरी का वार्डों में हो रहा प्रचार, अच्छे फीडबैक पर अंक है निर्धारित

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न जोन क्षेत्रों के वार्डों में कचरा परिवहन एवं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए वाहन लगाए गए हैं! सफाई कार्य के लिए लगाए गए एप्पे मे स्वच्छता के प्रचार प्रसार के लिए साउंड सिस्टम लगाया गया है !जिसके माध्यम से वार्डों में गली मोहल्लों में एवं अन्य स्थलों पर जहां से भी सफाई वाहन गुजरती है स्वच्छता का प्रचार करती है! इसके अतिरिक्त रिक्शा के माध्यम से भी स्वच्छता का प्रचार-प्रसार निगम के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है! फीडबैक लेने के लिए महिला स्व सहायता समूह के सीओ को भी नियुक्त किया गया है जो नागरिकों से फीडबैक लेने का कार्य कर रही है , इस फीडबैक के आधार पर स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए अंक भी प्राप्त होंगे! इसलिए स्वच्छता संबंधित प्रश्नोत्तरी का अधिकाधिक प्रचार किया जा रहा है! स्वच्छता वाहनों में इस प्रकार के प्रश्नोत्तरी का प्रचार किया जा रहा है जिसमें एक व्यक्ति द्वारा महिला से प्रश्न किया जा रहा है और उस महिला द्वारा प्रश्न के जवाब दिए जा रहे है! व्यक्ति पूछ रहा है बताइए क्या आपके घर में कचरा प्रतिदिन डोर टू डोर कलेक्शन वाली गाड़ी में दिया जाता है! महिला का जवाब हां हमारे घरों से कचरा रोज लिया जाता है! व्यक्ति- यह बताइए क्या आपके द्वारा कचरा डोर टू डोर कलेक्शन में देने से पहले कचरा गीला और सूखा अलग-अलग दिया जाता है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी